प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.09.2024 **1800 बजे**

प्रश्नकाल

हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग जल्द ही 24 विभिन्न पोस्ट कोड्स के तहत 4 सौ 46 पदों के लिए हुई परीक्षा का परिणाम घोषित करेगी। इस संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा आयोग को निर्देश जारी किए गए है। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधायक सुधीर शर्मा के सवाल के लिखित जवाब में ये जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग द्वारा पोस्ट कोड 817 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसके अलावा ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट के एक सौ 62 पदों के लिए इस वर्ष 30 मार्च को कंप्यूटर आधारित टेस्ट लिया जा चुका है और तकनीकी शिक्षा विभाग से प्राप्त मांग के अनुसार 12 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कला अध्यापक पोस्ट कोड 980 के संबंध में एक मंत्रिमंडल उप समिति गठित की गई है। उसकी सिफारिश के अनुसार आगामी कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य चयन आयोग जिन पदों के परिणाम घोषित करेगा, उनमें डिस्पेंसर के 11, जेओए के 82, और जेओए आईटी के 2 सौ 95 पदों सहित अन्य के परीक्षा परिणाम शामिल हैं।

प्वाइंट ऑफ ऑर्डर

प्रदेश विधानसभा में सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच बीते पांच दिनों से चल रहा गतिरोध आज खत्म हो गया। ये गतिरोध मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की इस घोषणा के साथ खत्म हुआ कि सरकार विपक्ष द्वारा लाए गए हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और इसमें नियम–67 के तहत प्रदेश की वित्तिय स्थिति को लेकर काम रोको प्रस्ताव भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर सरकार की स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, इसलिए विपक्ष सत्र को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करे। उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्ष को काफी अधिक समय दिया है और सदन नियमों से चलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर विपक्ष सही ढंग से अपने मुद्दे उठाता तो गतिरोध ही नहीं बनता। इससे पूर्व आज सुबह सदन की बैठक आरंभ होते ही

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्वाइंट ऑफ ऑर्डर के माध्यम से सरकार और विपक्ष के बीच चल रहे गतिरोध का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष बीते रोज प्रदेश की गंभीर होती जा रही आर्थिक स्थिति को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया था लेकिन इस पर बोलने की इजाजत ही नहीं दी गई।

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने हमीरपुर जिले के बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रस्तावित एक सौ 26 करोड़ 19 लाख रुपए की पेयजल योजना का स्रोत बदल दिया है। उन्होंने कहा कि बड़सर क्षेत्र की जनता को पहले ब्यास नदी से पेयजल योजना प्रस्तावित थी, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने इस योजना का स्रोत बदल कर अब सतलुज नदी से कर दिया है। विधानसभा में आज विधायक बिक्रम ठाकुर द्वारा नियम 62 के तहत लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में मुकेश अग्निहोत्री ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि योजना का स्रोत बदलने से इस पेयजल योजना की लागत में 70 करोड़ रुपए की कमी आई है। अग्निहोत्री ने कहा कि इस योजना के लिए न्यू डेवपलमेंट बैंक फंडिंग दे रहा है और अब इस पर एक सौ 26 करोड़ 19 लाख रुपए खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक इस योजना पर लगभग 24 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि उन्होंने इस योजना के स्रोत का टेंडर फिर से लगाने के निर्देश दे दिए हैं और इस पर जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस समय न्यू डेवपलमेंट बैंक की 7 सौ 45 करोड़ रुपए की 24 योजनाएं निर्माणाधीन हैं।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और राजधानी शिमला सहित अधिकांश क्षेंत्रों में आज दोपहर बाद से भारी वर्षा का क्रम जारी है। वर्षा से तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है और कई स्थानों पर सड़क मार्ग भी अवरूद्ध है। किन्नौर जिले में राष्ट्रीय उच्च मार्ग 5 निगुलसरी के पास लगातार भूस्खलन और पत्थर गिरने के कारण अवरूद्ध है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग अवरूद्ध होने के चलते लोगों को तरांडा गांव होते हुए दो घंटे पैदल सफर करने को मजबूर होना पड रहा है। किन्नौर व स्पीति क्षेत्र को जोडने वाले इस सड़क मार्ग के अवरूद्ध होने से किसानों व बागवानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क मार्ग से देश के सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों के लिए राशन समाग्री व अन्य सामान

भी पहुंचाया जाता है। जिला उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने बताया कि निगुलसरी के पास लगातार भूस्खलन होने से अवरूद्ध मार्ग को बहाल करना राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्रधिकरण के लिए चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि बीमार लोगों को ट्रांसशिपमेंट कर भेजा जा रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर क्षेत्रों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

....